**12.05 hrs**

Title: The Minister of state in the Ministry of Chemicals and Fertilizers on behalf of the Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 28th April, 2008.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF MINES (SHRI B.K. HANDIQUE): (On behalf of Shri Pawan Kumar Bansal) With your permission, Sir, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 28th of April, 2008, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.
2. Discussion on the Statutory Resolution seeking approval for the extension of President's Rule beyond 19th May, 2008 in relation to the State of Karnataka.
3. Consideration and passing of the National Waterway (Talcher-Dhamra Stretch of Rivers, Geonkhali-Charbatia Stretch of East Coast Canal, Charbatia-Dhamra Stretch of Matai River and Mahanadi Delta Rivers) Bill, 2006.
4. Consideration and passing of the Carriage by Air (Amendment) Bill, 2007.
5. Consideration and passing of the Jawaharlal Institute of Post-Graduate Medical Education and Research Puducherry Bill, 2008, as passed by Rajya Sabha.
6. Consideration and passing of the Central Universities Laws (Amendment) Bill, 2008, after it is passed by Rajya Sabha.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित करने की कृपा करें:-

1. राजस्थान के रामगढ़ गैस तापीय प्रयोजन के लिए दोनों गैस टरबाइनों को पूर्ण क्षमता पर चलाने के लिए M/s OIL एवं GAIL के द्वारा अतिरिक्त गैस की आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है।

2. राजस्थान में पश्चिमी राजस्थान के मरुस्थलीय भू-भाग में पेट्रोलियम खनन से मिलने वाली लाभ राशि में राज्य सरकार की हिस्सेदारी सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता।

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, the following items may be included in the next week's agenda:-

1. The serious situation of scarcity of foodgrains, especially rice, in Kerala which has arisen due to the refusal of the Centre to give adequate quota of rice to the State and the drastic cut of 82 per cent of allotment of APL quota of rice thereof.
2. The threat due to opening up of retail sector of trade to multinationals and large corporates to retail merchants in India and the need to bring a Central Legislation to regulate the trading sector to safeguard small merchants.

**डॉ. सत्यनारायण जटिया :** अध्यक्ष महोदय, कृपया आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्निलिखित दो विषय सम्मिलित करें:-

1. खाद्यान्न राशन सहित जनजीवन के लिए उपयोगी वस्तुओं के दाम बढ़ जाने के कारण जनता का गुजारा मुश्किल हो गया है। भवन निर्माण सामग्री स्टील, लोहा, सीमेंट महंगे हो गए हैं। रोटी, कपड़ा और मकान और दैनंदिन उपयोग के सामान सबके बढ़े हुए दाम, केन्द्र सरकार से करते हैं मांग, कम करे दाम जिससे जनजीवन हो आसान।

**अध्यक्ष महोदय :** यह कविता है; Next one will be in Sanskrit?

**डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन):** धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय, अभी तो मैं इसी को प्रस्तुत कर रहा हूं।

2. एल.पी.जी. कुकिंग गैस महंगी भी है और मांग पर मिलती भी नहीं है। उपभोक्ता नियत मूल्य से ज्यादा दाम देकर ब्लैक में खरीदने के लिए बाध्य हैं। अतएव केन्द्र सरकार एल.पी.जी. उचित मूल्य और मांग पर उपलब्ध कराए। साथ ही उज्जैन को घरेलू उपयोग के लिए तथा औद्योगिक आपूर्ति के लिए एल.पी.जी. गैस उपलब्धता पाइप लाइन से सुनिश्चित करे।

**श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) :** अध्यक्ष महोदय, लोक सभा की अगले सप्ताह की कार्यवाही में निम्न विषयों को शामिल करने का कष्ट करें:-

1. देवरिया जनपद के देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ और बिहार सम्पर्क कृंति रेल सेवा का ठहराव किए जाने का कार्य।.

2. दुर्ग एक्सप्रैस रेल सेवा एवं गोदान एक्सप्रैस का ठहराव औद्योगिक क्षेत्र बिल्थरा रोड एवं दुर्ग एक्सप्रैस रेल सेवा एवं बापूधाम एक्सप्रैस सलेमपुर में ठहराव एवं किडीहरापुर में इंटर सिटी का ठहराव पूर्व की भांति किए जाने का कार्य।

**श्रीमती सुमन महतो (जमशेदपुर):** अध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह की लोक सभा की कार्यवाही में निम्नलिखित दो विषयों को सम्मिलित किए जाने की कृपा करें:-

1. मेरे निर्वाचन क्षेत्र पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला स्थित धालभूमगढ़ में रेलवे स्लीपर बनाने वाली इकाइयां दया कंक्रीट, दया इंजीनियरिंग वर्क्स और कंक्रीट हाउस लिमिटेड काफी दिनों से बन्द पड़ी हैं। इन कारखानों में 500 से ज्यादा कर्मचारी और मजदूर कार्यरत हैं। इनके बंद होने से कर्मचारियों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अतः जनहित में इन बन्द इकाइयों को शीघ्र चालू कराया जाए।

2. देश में विगत 6 महीनों में सीमेंट के मूल्यों में काफी वृद्धि होने के कारण लोगों को घर बनवाने में काफी कठिनाई हो रही है। अतः जनहित में मेरी मांग है कि सीमेंट में मूल्य वृद्धि कम कराने हेतु सरकार उचित कदम उठाए।

DR. K.S. MANOJ (ALLEPPEY): The following items may be included in the next week's Agenda:-

1. Need to bring a comprehensive legislation on Unorganized Labour as a fulfillment of commitment in Common Minimum Programme.

2. Need to bring a comprehensive legislation on Solid and Liquid Waste Management in view of the sanitation problems and health hazards arising out of the environmental pollution.

SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR): The following items may be included in next week's agenda:-

1. Need to discuss issues regarding shortage of LPG.

2. Need to discuss issues regarding setting up of various irrigation projects, especially to raise the water table and water harvesting issue.

SHRIMATI ARCHANA NAYAK (KENDRAPARA): The following items may be included in next week's agenda:-

1. Immediate completion of All-India Institute of Medical Science (AIIMS) at Bhubneshwar, Orissa.

2. To set up two to three rehabilitation centres in each state for the AIDS affected orphaned children of our country.

MR. SPEAKER: Thank you. This is a very good subject.

**डॉ. करण सिंह यादव (अलवर):** महोदय, अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्न विषयों को सम्मिलित करने की कृपा करें:

1. राजस्थानी भाषा को मान्यता देकर संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने सम्बन्धी विधेयक पर विचार।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** इस बारे में सब जानते हैं, हम तो रोज़ याद कराते हैं।

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** हमने निर्देश नहीं दिया, रिमाइंड कराया है।

**डॉ. करण सिंह यादव (अलवर):** सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट्स में जजों की नियुक्ति में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिये जाने के सम्बन्ध में।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** वह बहुत जरूरी है।

**श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर):** महोदय, अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित कार्य संलग्न करने हेतु:

1. जिला रोपड़, पंजाब एक ऐतिहासिक जिला है, जिसमें श्री आनन्दपुर साहिब, कीरतपुर साहिब, चमकौर साहिब, नंगल जैसे ऐतिहासिक शहर आते हैं। इसी तरह मोहाली जिला भी एक ओद्यौगिक जिला है, लेकिन अभी तक इन जिलों में कोई भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है तो यहां पर केन्द्रीय विद्यालय खोले जायें।

2. नंगल पंजाब में बहुत सी जमीन खाली पड़ी है, इसलिए वहां पर एस.ई.जैड. या फिर वहां पर बेकार हो रही एक बहुत बड़ी वर्कशॉप को पुनः स्थापित कर रोजगार के साधन जुटाये जायें।